मैं लाडली शेरोवाली की

उस ऊँचे मंदिरों वाली की मेरी मैया मेहरो वाली की
मैं लाडली शेरोवाली की ....

दरबार की शान निराली है खाली ना गया सवाली है
सोइ किस्मत खोले मैया ये भाग्य जगाने वाली है
सुनती है सदा सवाली की मेरी झोली भरने वाली की
मैं लाडली शेरोवाली की ....

जो इसके लाडले होते हैं वो सदा मौज में होते हैं
मैया का कोई जवाब नहीं ये भक्त मैया के कहते हैं
लक्ष्मी दुर्गा माँ काली की माँ अष्ट भुजाओं वाली की
मैं लाडली शेरोवाली की ....

बिन मांगे झोली भर देगी तेरे मन की मैया सुन लेगी
चल स्नेह मैया के मंदिर में ये दुखड़े तेरे हर लेगी
दीनो की माँ रखवाली की जय बोलो वैभवशाली की
मैं लाडली शेरोवाली की ....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/18633/title/main-ladali-sherovali-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |